# सूक्ष्म वित्त संस्थान (MFI)

//



# सूक्ष्म वित्त संस्थान (MFI)

## परिचय:

- वित्तीय सेवाएँ और छोटे मूल्य के ऋण प्रदान करता है
- लक्ष्य – ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम आय वाले परिवार, छोटे व्यवसाय और उद्यमी
- अधिकतम वार्षिक आय मानदंड – 3 लाख रुपए (संपार्श्विक-छोटे लोन हेतु)

## सूक्ष्म वित्त संस्थान क्षेत्र का विकास




- प्रारंभिक काल (वर्ष 1974-1984):
  - महिलाओं के लिये श्री महिला सेवा सहकारी बैंक की स्थापना
  - नाबार्ड ने SHG संपर्क को बढ़ावा दिया
- परिवर्तन अवधि (वर्ष 2002-2006):
  - स्वयं सहायता समूहों के लिये असुरक्षित ऋण मानदंडों को सुरक्षित ऋणों के साथ संरेखित किया गया
  - RBI ने सूक्ष्म वित्त को प्राथमिक क्षेत्र में शामिल किया
- विकास और संकट (वर्ष 2007-2010):
  - निजी इक्विटी निवेश→ सूक्ष्म वित्त संस्थानों का तीव्र विकास
  - माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (MFIN) का गठन
- समेकन और परिपक्वता (वर्ष 2012-2015):
  - मालेगाम समिति (वर्ष 2012) ने विनियामक परिवर्तनों की सिफारिश की
  - NBFC की नवीन श्रेणी - गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-सूक्ष्म वित्त संस्थान (NBFC-MFI)
  - बंधन बैंक (सबसे बड़ा माइक्रोलेंडर) को RBI द्वारा यूनिवर्सल बैंकिंग लाइसेंस (वर्ष 2014)
  - मुद्रा बैंक का शुभारंभ (वर्ष 2015)

*भारत में MFI को RBI द्वारा NBFC-MFI फ्रेमवर्क 2014 के माध्यम से विनियमित किया जाता है।*



## बिज़नेस मॉडल

- स्वयं सहायता समूह (SHG):
  - अनौपचारिक समूह (10-20 सदस्य) मिलकर बचत करते हैं और ऋण प्राप्त करते हैं
  - SHG-बैंक लिंकेज कार्यक्रम के माध्यम से बैंकों से जोड़ा गया
- सूक्ष्म वित्त संस्थान (MFI):
  - माइक्रो-क्रेडिट और वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना
  - 4-10 सदस्यों वाले संयुक्त ऋण समूहों (JLG) के माध्यम से ऋण



## MFI के प्रकार

- NGO-MFI (सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 या भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1880 के तहत)
- सहकारी समितियाँ
- धारा-8 के अधीन कंपनियाँ (कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत)
- NBFC-MFIs (सूक्ष्म वित्त बाज़ार का 80% हिस्सा)

## लाभ

- डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन
- आत्मनिर्भरता (उद्यमिता और बेहतर आजीविका)
- स्थिर आय (संपत्ति निर्माण)
- महिला उद्यमिता



| MFI की चुनौतियाँ | आगे की राह |
|---|---|
| उच्च ब्याज दरें | विनियामक निरीक्षण में सुधार करना और ब्याज दर सीमा को बढ़ाना। |
| ऋण कर्त्ताओं का अति-ऋणग्रस्त होना | ऋण जोखिम मूल्यांकन को सुदृढ़ करना और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना। |
| बाह्य वित्तपोषण पर निर्भरता | साझेदारी और पूंजी बाज़ार के माध्यम से वित्तपोषण स्रोतों में विविधता लाना। |
| ऋणकर्त्ताओं में वित्तीय साक्षरता न्यून होना | वित्तीय शिक्षा कार्यक्रमों/अभियानों को बढ़ावा देना |

दृष्टि The Vision

**और पढ़ें:** सूक्ष्म वित्त क्षेत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/microfinance-institutions-2